केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण
राजभाषा अनुभाग

फा.सं0-सीईए/एसवाई/27-27/1/2020-राजभाषा/ 635 दिनांक- 11.09.2023

परिपत्र

विषयः केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा 2023 का आयोजन।

केविप्रा मुख्यालय में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 14 सितंबर 2023 से 29 सितम्बर, 2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 01 जून, 2023 के अर्धशासकीय पत्र के माध्यम से जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस वर्ष हिंदी दिवस का समारोह एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 14 एवं 15 सितम्बर, 2023 को पुणे, (महाराष्ट्र) में किया जाना है, तथा अन्य आयोजन दिनांक 16.09.2023 के बाद अपने-अपने मुख्यालय में किए जाने हैं। तदनुसार हिंदी पखवाड़ा, 2023 के दौरान केविप्रा मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियां निम्नवत हैः

क) हिंदी कार्यशाला का आयोजन - दिनांक 21.09.2023
ख) हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन - दिनांक 18.09.2023 से 22.09.2023
ग) पुरस्कार वितरण समारोह - दिनांक 29.09.2023

केविप्रा के सभी प्रभाग/अनुभाग प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि कृपया आप अपने प्रभाग/अनुभाग के सभी कार्मिकों सहित उपर्युक्त समारोह में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाएँ | सभी कार्यक्रम सभागार (लेक्चर हॉल), सेवा भवन, द्वितीय तल में आयोजित किए जाएंगे ।

दिनांक 14 एवं 15 सितंबर 2023 पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित किए जाने वाले हिन्दी दिवस समारोह का सीधा बेव प्रसारण देखा जा सकता है, जिसका लिंक राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय से प्राप्त होते ही परिचालित कर दिया जाएगा।

11/9/23
(ऊषा वर्मा)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

<u>केविप्रा कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी</u>